



## शहर में आज

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निगम का पौधरोपण अभियान सुबह 9 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों की कर्मचारी भवन में 10 बजे बैठक
- डीसी की अफसरों संग बैठक सुबह 11 बजे

## खबर संक्षेप

### बीएड प्रथम वर्ष की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 7 से

**रोहतक।** एमडीयू ने बी.एड. प्रथम वर्ष (रेगुलर एवं री-अपीयर) की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। ये प्रैक्टिकल परीक्षाएं 7 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक संबंधित महाविद्यालयों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित महाविद्यालय निर्धारित शेड्यूल के अनुसार परीक्षाएं संपन्न कराएं तथा परीक्षार्थी समय पर पहुंचकर विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### एमकॉम व बीए के कुछ पेपरों की तिथि बदली

**रोहतक।** एमडीयू ने अगस्त-2026 में होने वाली एम.कॉम (सीडीओई, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड) द्वितीय सेमेस्टर तथा बीए (डीडीई एवं अतिरिक्त) प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के कुछ पेपरों की तिथियों में संशोधन किया है। संशोधित शेड्यूल के अनुसार एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर का 'मार्केटिंग ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज' (पेपर कोड COM202DS03) तथा बीए प्रथम वर्ष का 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया (1526 से पूर्व)' विषय का प्रश्नपत्र अब 13 अगस्त 2026 को आयोजित होगा। पहले एम.कॉम की परीक्षा 3 अगस्त तथा बीए की परीक्षा 10 अगस्त को प्रस्तावित थी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है, जबकि परीक्षा का समय और परीक्षा केंद्र पूर्व निर्धारित अनुसार ही रहेंगे।

## नेशनल हाईवे-152डी पर हादसा सगे भाइयों समेत तीन की मौत

# हादसे में एक साथ बुझ गए घर के दोनों चिराग

**पीछे छूटे चार मासूम बच्चे, दो सूनी मांग और अधूरे सपनों का संसार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक घर में मातम हो तो लोग ढांढस बंधाने पहुंचते हैं, लेकिन जब एक ही परिवार के दो बेटे एक साथ दुनिया छोड़ जाएं तो शब्द भी खामोश हो जाते हैं। नेशनल हाईवे-152डी पर हुए भीषण सड़क हादसे ने नारनौल के जैन परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं। परिवार के दो सहारे, दो भाई और दो बेटों की एक साथ मौत ने न केवल उनके घर, बल्कि पूरे शहर को गम में डुबो दिया। अब पीछे रह गई हैं चार मासूम बच्चों की जिम्मेदारी, दो सुहाग उजड़ने का दर्द और अधूरे सपनों का बोझ। हादसे में जान गंवाने वाले मनीष कुमार जैन (50) और उनके छोटे भाई मनोज जैन (45) राजस्थान के नीमकाथाना में क्रेशर कारोबार चलाते थे। दोनों किसी काम से अंबाला गए थे और गुरुवार तड़के वापस नारनौल लौट रहे थे।

सुबह करीब 5:30 बजे रोहतक जिले के गांव खैरड़ी मोड़ के पास उनकी टाटा पंच कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों भाइयों सहित चालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।



### एक के बेटा-बेटी, दूसरे की बेटियां स्कूल में

बड़े भाई मनीष जैन अपने पीछे पत्नी मोनिका, बेटे आशु और बेटी गरिमा को छोड़ गए हैं। गरिमा पढ़ाई कर रही है, जबकि आशु अपने पिता के कारोबार में उनका हाथ बंटाने लगा था। परिवार की उम्मीद थी कि धीरे-धीरे वह कारोबार की जिम्मेदारी संभाल लेगा, लेकिन पिता के अचानक चले जाने से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं छोटे भाई मनोज जैन अपने पीछे पत्नी स्वाति और दो बेटियां सौम्या व कनक को छोड़ गए हैं। दोनों बेटियां अभी स्कूल में पढ़ रही हैं। उन्हें शायद अभी यह भी पूरी तरह समझ नहीं आया होगा कि उनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ चुका है।

### दोनों भाई ही थे कारोबार और परिवार की रीढ़

परिजनों के अनुसार मनीष और मनोज दोनों भाई न केवल संयुक्त रूप से कारोबार संभालते थे, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर थी। दोनों की मेहनत से ही परिवार आगे बढ़ रहा था। एक ही हादसे में दोनों भाइयों की मौत ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक दोनों स्तर पर गहरा झटका दिया है। हादसे की खबर जैसे ही नारनौल पहुंची, जैन समाज और व्यापारिक वर्ग में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। हर किसी की जुबान पर एक ही बात थी कि काश यह हादसा टल जाता। घर में चीख-पुकार और मातम का माहौल देखकर हर आंख नम हो गई।

### ड्राइवर की पहचान का इंतजार, जांच जारी

हादसे में कार चला रहे ड्राइवर की भी मौके पर मौत हो गई। देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार चालक को झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई। कलानौर थाना पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच जारी है। एक पल की नींद ने केवल तीन जिंदगियां नहीं छीनीं, बल्कि चार बच्चों का भविष्य, दो महिलाओं का सुहाग और एक परिवार की पूरी दुनिया उजाड़ दी।

## काठमंडी के युवक को अगवा कर झज्जर में मारकर फेंका, गिरफ्तारी की मांग पर अड़े गुस्साए परिजन

# शव सड़क पर रख लगाया जाम, परिजन बोले- दोस्तों ने ही रची हत्या की साजिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दो दिन पहले जिस बेटे को जिंदा वापस लाने की उम्मीद में परिवार पुलिस और रिश्तेदारों के दरवाजे खटखटा रहा था, गुरुवार को उसी का शव नहर से बरामद हुआ। शव घर पहुंचते ही मातम गुस्से में बदल गया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। कई घंटे तक सड़क पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही परिजन शांत हुए और जाम खोला गया। मृतक की पहचान की काठ मंडी निवासी 26 वर्षीय सुनील के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसका शव बेरी हेड के पास नहर से बरामद हुआ। सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और परिवार ने हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी।

### रात 1 बजे तक दोस्तों के साथ था सुनील

परिजनों के अनुसार 28 जुलाई की रात करीब एक बजे सुनील अपने दोस्तों सुमित, कौशल और सन्नी के साथ पुल के नीचे बैठा था। इसी दौरान एक काले रंग की स्कॉर्पियो वहां पहुंची। आरोप है कि उसमें सवार चार युवक हथियार और डंडे लेकर नीचे उतरे तथा सुनील को जबरन गाड़ी में बैठाकर अपने साथ ले गए। घटना के बाद सुनील का मोबाइल भी बंद हो गया और उसका कोई सुराग नहीं मिला। परिवार ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। हालांकि दो दिन बाद सुनील का शव नहर में मिलने से मामला अपहरण से सीधे हत्या में बदल गया।

### सबूत मिटाने के लिए नहर में फेंका शव

मृतक के भाई नीरज का आरोप है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। उनका कहना है कि चार युवकों ने मिलकर पहले सुनील का अपहरण किया और बाद में उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया, ताकि साक्ष्य मिटाए जा सकें। परिजनों ने सर्वेश, तनवीर निवासी राम नगर, दीपक उर्फ साहिल छिकारा निवासी सुनारिया चौक के पास तथा कार्तिक उर्फ छुटन पर अपहरण और हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना के पीछे पैसों के लेन-देन का विवाद बताया जा रहा है और इसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया।

### मां बोली- बेटे के कातिलों को पकड़ो, तभी होगा अंतिम संस्कार

सुनील की मां रानी देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे को उसके परिचितों ने ही धोखे से मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि परिवार को केवल न्याय चाहिए। जब तक हत्या के आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे, तब तक परिवार अंतिम संस्कार नहीं करेगा। मां की यह बात सुनकर मौके पर मौजूद लोगों में भी आक्रोश फैल गया। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और पुलिस को स्थिति संभालने के लिए अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा।

### आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद खोला रास्ता

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और नामजद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। काफी देर तक चली बातचीत के बाद परिजन जाम खोलने के लिए राजी हुए।

### पुलिस हर पहलू से कर रही मामले की जांच: एसएचओ

शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश ने बताया कि दो दिन पहले युवक के अपहरण की शिकायत दर्ज हुई थी। अब उसका शव बेरी हेड के पास नहर से मिला है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों सहित सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूत जुटा रही है। जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी-जेवर और सामान ले उड़े चोर

**रोहतक।** जिले के सांपला थाना क्षेत्र के गांव इस्माइला में दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाकर चोर नकदी, आभूषण और घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अपनी शिकायत में नवीन कौशिक ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ किसी काम से बाहर गया था। दोनों बच्चे स्कूल थे। दोपहर दो बजे जब उनकी बेटी स्कूल से घर पहुंची तो मकान का ताला टूटा मिला। घर में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से दो सोने की अंगूठियां, 50 हजार रुपये की नकदी, इनवर्टर की बैटरी और सिलाई मशीन गायब थी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस ने नवीन कौशिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

## कार में सवार दो युवक 430 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की अपराध शाखा-1 ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार में सवार दो युवकों को 430 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा-1 की टीम आईएमटी चौक, साधखेड़ी पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि संजय नगर निवासी सुमित और बाबरा मोहल्ला निवासी अजय नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव खेड़ी साध-पहरावर रोड पर एक कार को रोककर दोनों युवकों को संदेह के आधार पर काबू किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अजय पुत्र गणेश निवासी बाबरा मोहल्ला तथा सुमित पुत्र महाबीर निवासी संजय नगर के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर कार में रखी एक पॉलीथिन से 430 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना आईएमटी में मामला दर्ज किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**तत्काल कार्रवाई जरूरी** | **सोशल मीडिया पर छाती ठोककर बेचा जा रहा है 'देसी घी' का घेवर**

## ऐसी सैंपलिंग का कोई फायदा नहीं

# 14 दिन के बाद रिपोर्ट आने तक लोग खा चुके होंगे घेवर, मौके पर हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारी सीजन में घेवर और मिठाइयों की मांग बढ़ते ही बाजार में मिलावट का खतरा भी बढ़ गया है। रोहतक में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मिठाई की दुकानों पर सैंपलिंग कर रही हैं, लेकिन जांच रिपोर्ट आने में करीब 14 दिन लगते हैंए जबकि घेवर और अन्य मिठाइयां कुछ ही घंटों में बिक जाती हैं। रिपोर्ट आने तक हजारों लोग इन्हें खा चुके होते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब घेवर और मिठाइयों की खपत हो चुकी होती है तो ऐसी जांच का क्या फायदा। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में रैपिड टेस्टिंग और तत्काल कार्रवाई जरूरी है। तभी मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकेगी। सावन और रक्षाबंधन जैसे त्योहारों के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग शहर में घेवर, पनीर, दही और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल भर रहा है। विभाग की कार्रवाई का उद्देश्य मिलावट रोकना और लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। मिलावटी मिठाइयां खाने से लोग बीमार हो रहे हैं।

- मिलावटी मिठाइयां खा लोग हो रहे बीमार, भरे जा रहे सैंपल



### अब तक 24 जगह लिए जा चुके सैंपल

आम लोगों का कहना है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की मौके पर ही जांच करने की कोई व्यवस्था करनी चाहिए। इसके लिए आधुनिक तकनीक या मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब तैयार की जाएं। प्राथमिक जांच तत्काल हो जाए तो साफ गुणवत्ता वाले उत्पाद ही बाजार में बिकें और यदि कोई खाद्य पदार्थ संदिग्ध या खराब गुणवत्ता का मिले तो उसी समय उसका स्टॉक जब्त कर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम ने शहर में अब तक घेवर और अन्य सामान के करीब 24 सैंपल लिए हैं। जिनको जांच के लिए लैब भेजा है। बताया जा रहा है 14 दिन बाद इनकी रिपोर्ट आएगी।

### सोशल मीडिया पर लगी होड़

सोशल मीडिया पर घेवर बनाने और बेचने वालों की होड़ लगी हुई है। रोहतक हो या सोनीपत, हर कोई अपने घेवर को मलाईदार और देसी घी का बता रहा है। मौके पर वीटा, अमूल, मधुसूदन जैसे ब्रांड के खाली कैन भी दिखाए जा रहे हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है शायद ही किसी घेवर में देसी घी का प्रयोग किया जा रहा हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. बिजेंद्र कुंडु का कहना है कि मिलावटी या खराब गुणवत्ता वाले घेवर, पनीर और दही के सेवन से फूड प्वाइजनिंग, पेट संक्रमण, उल्टी, दस्त और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए कार्रवाई का उद्देश्य केवल दोषियों को दंडित करना नहीं, बल्कि लोगों तक खराब खाद्य सामग्री पहुंचने से पहले उसे रोकना होना चाहिए।

### मौके पर ही नष्ट करवा रहे

सैंपलिंग जारी है। किसी पदार्थ में गड़बड़ी पाई जाती है तो उसको मौके पर ही नष्ट करवा देते हैं। खराब गुणवत्ता वाले पदार्थों का मौके पर ही पता लगा लिया जाता है। सैंपल टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है। गड़बड़ी पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। **-डॉ. योगेश कादयान,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# पंकज सुनारिया हत्याकांड के आरोपी की एसटीएफ से मुठभेड़, पैर में मारी गोली

## नामजद आरोपी संजय गिरफ्तार, मामले की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फिल्मी अंदाज में फरार चल रहे पंकज सुनारिया हत्याकांड के नामजद आरोपी का आखिरकार पुलिस से आमना-सामना हो ही गया। चरखी दादरी के चर्चित हत्याकांड में वांछित आरोपी संजय की तलाश में जुटी एसटीएफ रोहतक की टीम ने बौंदकलां के पास उसे घेर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बचने का प्रयास किया, जिसके दौरान हुई मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को मौके पर काबू कर अस्पताल भेजा गया। पुलिस अब हत्या की साजिश, वारदात में शामिल अन्य आरोपियों और इस्तेमाल किए गए हथियारों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### टीम ने बौंदकलां क्षेत्र में की घेराबंदी

जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को चरखी दादरी के ढाणी फोगाट रोड पर पंकज उर्फ पंकज सुनारिया की हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था। मामले में पुलिस ने संजय निवासी सुनारिया को नामजद आरोपी बनाया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी।

इसी क्रम में एसटीएफ रोहतक को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिली। टीम ने बौंदकलां क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसमें आरोपी संजय के पैर में गोली लगी। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सुरक्षा के बीच अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद हत्या की पूरी साजिश, वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और घटना के पीछे के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वारदात में किन-किन लोगों ने सहयोग किया और घटना के बाद आरोपी किन ठिकानों पर छिपा रहा।

### चर्चा का विषय बना पंकज सुनारिया हत्याकांड

पंकज सुनारिया हत्याकांड पहले ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था। अब मुख्य नामजद आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस जांच और तेज हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही अन्य महत्वपूर्ण खुलासे भी किए जा सकते हैं।

# सावन के पहले दिन मंदिरों में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सावन मास के पहले दिन गुरुवार को शहर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान शिव का जलाभिषेक करने और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए लोगों ने लंबी कतारों में खड़े होकर पूजा-अर्चना की। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

किलोई स्थित प्राचीन शिव मंदिर, वैश्य मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। श्रद्धालु अपने साथ गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प और फल लेकर पहुंचे तथा विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने सावन के पहले सोमवार और पूरे माह के व्रत का संकल्प भी लिया।

वैश्य मंदिर में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने अपने परिवार के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश और शहर की खुशहाली, सुख-समृद्धि तथा सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया। मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया और दर्शन की समुचित व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर स्वयंसेवक भी तैनात रहे। दिनभर मंदिरों में भजन-कीर्तन और शिव महिमा का गुणगान होता रहा, जिससे पूरा वातावरण शिवमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सावन में सच्चे मन से की गई भगवान भोलेनाथ की आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।





## नपा महम शहर में लगाएगी 500 पौधे टाउन पार्क से की पौधरोपण की शुरुआत

**महम।** नगर पालिका महम द्वारा वीरवार को पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत चौबीसी चबूतरे के पास टाऊन पार्क में पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने की। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में 500 पौधे लगाए जाएंगे। ये पौधे श्मशान घाटों, पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे। अधिकतर पौधे वन महोत्सव के तहत पहले दिन ही रोपित कर दिए गए हैं। नगर पालिका पार्षदों और अधिकारियों ने मिलकर पौधे लगाए हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व नपा कर्मचारियों ने रोपित किए गए पौधों की देखभाल करने की भी शपथ ली। कहा कि सभी समय समय पर इन पौधों की देखरेख भी करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने पेड़ पौधों का महत्व बताया और कहा कि पौधारोपण बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। पेड़ पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं। मौके पर नपा सचिव नवीन नांदल, पालिका अभियंता अशोक हुड्डा, जेई अनिल कुमार, सेनेट्री इंस्पेक्टर ब्रह्मजीत सिंह, बिल्डिंग इंस्पेक्टर मुकेश दलाल, नपा वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, नपा के पूर्व चेयरमैन फतेह सिंह, वार्ड 15 की पार्षद सुमन शर्मा के पति संजय शर्मा व पार्षद ऋषि भारद्वाज आदि रहे।

### वन महोत्सव कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# पेड़ भावी पीढ़ियों के लिए स्वस्थ भविष्य की विरासतः सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पौधरोपण हमारी संस्कृति और जीवन परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है। एक पेड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और स्वस्थ भविष्य की अमूल्य विरासत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम से वर्चुअली करनाल के घरौंड़ा से जुड़े तथा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सांसद सुभाष बराला आज महम स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्रागण में जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा आयोजित 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया। सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी प्रत्येक आयोजन को पौधारोपण से जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण में हो रहे बदलावों के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं, इसलिए वर्तमान समय में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है।



**डीसी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया**

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के मुख्यातिथि एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला को जिला प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट कर सम्मानित किया। वन विभाग की ओर से मंडल वन संरक्षक सुंदर लाल सांभरिया ने कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट अतिथिगण को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

**इन्होंने किया पौधरोपण**

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने विद्यार्थियों के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, उपायुक्त सचिन गुप्ता, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, भाजपा प्रदेश सचिव रेनू डाबला, दीपक निवास हुड्डा, महम नगर पालिका की चेयरपर्सन भारती पंवार आदि ने भी पौधारोपण किया तथा नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज परिसर में एक हजार पौधे लगाए गए व विद्यार्थियों को भी एक हजार पौधे वितरित किये गए। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, मंडल वन संरक्षक सुंदर लाल सांभरिया, उपमंडलाधीश विपिन कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनू नैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी, नागरिक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए व्यापक तैयारियां : डीसी

**रोहतक।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान-2026, वंदे मातरम व विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस-2026 अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी गरिमा, अनुशासन एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ सुनिश्चित किया जाए। सचिव डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के बीच समन्वय तथा समयबद्ध तैयारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। विभाग के महानिदेशक श्री के. एम. पांडुरंग ने तीनों अभियानों की विस्तृत कार्ययोजना, कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा विभागवार जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान, वंदे मातरम अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे 9 से 17 अगस्त तक अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराएं तथा सेल्फी विद तिरंगा अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश शुभम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## सार्वजनिक परीक्षा संशोधन बिल-2026 परीक्षा माफिया पर कड़ा प्रहार : खरक

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश की परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। खरक ने कहा कि पेपर लीक, नकल और परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल केवल एक परीक्षा की व्यवस्था को प्रभावित नहीं करता, बल्कि लाखों मेहनती विद्यार्थियों के सपनों और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी प्रावधान समय की आवश्यकता थे। संशोधित कानून परीक्षा माफिया और नकल के कारोबार से जुड़े लोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने युवाओं की मेहनत और प्रतिभा के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना इसी सोच का हिस्सा है। अब मेहनत से तैयारी करने वाले विद्यार्थी यह भरोसा रख सकेंगे कि उनकी मेहनत किसी पेपर लीक या नकल के कारण व्यर्थ नहीं जाएगी। भाजपा नेता खरक ने कहा कि परीक्षा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ-साथ परीक्षा संचालन में आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और जवाबदेही को मजबूत करना जरूरी है।



## सुनारियां पहुंचे एसपी गौरव , युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

**रोहतक।** पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने बुधवार को गांव सुनारिया का दौरा कर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और युवाओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, मौके पर कई समस्याओं का समाधान कराया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पार्षद सुमन, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार सुनारिया, अनिता बुधवार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसपी ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों व पढ़ाई में अधिक से अधिक रुचि लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। एसपी ने साइबर अपराधों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम कार्ड, ओटीपी, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध लिंक, फोटो या फर्जी एप डाउनलोड करने से बचें तथा व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबरों से आने वाली वीडियो या ऑडियो कॉल रिसीव न करें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जिले को नशा और अपराध मुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें। अवैध शराब, स्मैक, गांजा, चरस, अफीम, हेरोइन या अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की सूचना गुप्त रूप से पुलिस को दें। साथ ही गांव में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर पुलिस को जानकारी दें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, थाना शिवाजी कॉलोनी प्रभारी राकेश कुमार, नशा मुक्ति टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक मोहन तथा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान सेवानिवृत्त

**सांपला।** खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान सिंह का कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को कार्यालय में विदाई समारोह किया गया। जिसमें कई स्कूल प्राचार्य भी उपस्थित रहे। प्राचार्य सुनील कुमार मेहरा ने कहा कि यह एक अधिकारी के लिए बड़ा गर्व का विषय होता है कि वह अपने अधीन कर्मचारियों के दिलों में छाप छोड़ कर सेवानिवृत्त होता है। खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान बहुत ही ईमानदार, कर्मठ और अपने काम के प्रति समर्पित रहे।इस मौके पर सभी ने उपहार देकर सम्मानित कर विदाई दी। जल पान पार्टी भी की गई। इस मौके पर प्राचार्य सुनील मेहरा, रमेश कुमार,नवीन कुमार, विजय पाल, विनोद कुमार, पूजा, हरिओम,मंदीप, राधेश्याम, राजीव, पूर्व प्राचार्य रामधारी मलिक नीरज खत्री आदि स्टाफ उपस्थित रहा।



# गांधी कैंप में जूतों की दुकान में लगी आग मची अफरा-तफरी, शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

**रोहतक।** गांधी कैंप बाजार स्थित संजय बूट हाउस में एग्जॉस्ट फैन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख पड़ोसी दुकानदार ने तुरंत इसकी जानकारी दी। आग का पता चलते ही आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों में रखे पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्विशर लेकर मौके पर पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पा लिया। दुकान में लाखों रुपये का सामान रखा था, लेकिन आस पास के दुकानदारों ने समझदारी से काम लेते हुए दुकान में मौजूद सभी लोगों और सामान सुरक्षित रखते हुए आग पर काबू पा लिया। बड़ा हादसा टल गया। गांधी कैंप जैसे व्यस्त बाजार में दुकानें एक-दूसरे के काफी नजदीक हैं। ऐसे में आग फैलने की स्थिति में बड़ा नुकसान हो सकता था। दुकानदारों ने बताया कि बाजार प्रधान नरेश भूटियानी की सलाह और प्रयासों से दुकानों में छोटे फायर एक्सटिंग्विशर उपलब्ध करवाए गए थे। इन्हीं की मदद से आज आग पर तत्काल काबू पाया जा सका। दुकानदारों ने लोगों से अपील की कि वे दुकानों और घरों में कम से कम एक पोर्टेबल फायर एक्सटिंग्विशर जरूर रखें, ताकि आपात स्थिति में आग पर काबू पाया जा सके।

## विद्यार्थी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करें तैयारी: डीसी



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र समान रूप से महत्वपूर्ण है और जिला प्रशासन का उद्देश्य सभी बच्चों को ऐसा शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। विद्यार्थी यदि पूरी निष्ठा, ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ प्रयास करेंगे तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस कहावत को याद रखें कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। सचिन गुप्ता स्थानीय हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के उपरांत विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को पढ़ाई के अनुकूल माहौल दें। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि सुपर-40 की इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माहौल, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा विद्यालय की प्राचार्या सुनीता अहलावत ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. दीपक अरोड़, डॉ. समीर मान, डॉ. योगेश भारद्वाज, डॉ. विकास वशिष्ठ, कृष्णा, डॉ. अंशु, डॉ. सोनिया वर्मा, सुरेश, कुलदीप पंघाल आदि मौजूद रहे।

**जिला प्रशासन विद्यार्थियों को शिक्षा के अनुकूल माहौल उपलब्ध करवाने के लिए है प्रयासरत**

**बैठक** | बच्चों के अधिकारों पर हुई समन्वय कार्यशाला

# वर्तमान समय में बाल तस्करी व पोक्सो एक्ट मामलों में वृद्धि चिंता का विषय : डॉ.खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**जुलाई से दिसंबर तक गांवों, स्कूलों व संस्थानों में चलाया जाएगा व्यापक विधिक जागरूकता अभियान**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान की अध्यक्षता में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन के अंतर्गत गठित यूनिट कमेटी के सदस्यों एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समन्वय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, बाल सुरक्षा एवं संबंधित कानूनों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। डॉ. तरन्नुम खान ने हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन के उद्देश्यों एवं आगामी जागरूकता अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जुलाई 2026 से दिसंबर 2026 तक जिला के विभिन्न गांवों, विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में बच्चों के अधिकारों, बाल संरक्षण, पोक्सो अधिनियम, बाल तस्करी, बाल विवाह तथा अन्य बाल हितैषी कानूनों के संबंध में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि वर्तमान समय में बाल तस्करी एवं पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों में वृद्धि चिंता का विषय है। इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करना आवश्यक है।

## न्यूज डायरी



### बाबा मस्तनाथ विवि में छात्रों ने किया पौधरोपण

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. बी.एम. यादव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में वृक्षारोपण सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है। रजिस्ट्रार विनोद कुमार ने एनएसएस समन्वयक डॉ. मनजीत कुमार के साथअभियान का शुभारंभ किया। मौके पर डीएसडब्ल्यू डॉ. सुधीर, एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिल डूडी, डॉ. प्रमिला, डॉ. सुमन राठी, डॉ. मोनिका, डॉ. अंकित गिल, डॉ. अरविंद तथा हिमांशु आदि रहे।



### योग स्पर्धा में द आर्यन स्कूल की छात्राओं ने जीते पदक

**रोहतक।** रेवाड़ी में 25 से 28 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन योग चैंपियनशिप में द आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-19 वर्ग में दक्षिता और अंशिका ने रिदमिक पेयर स्पर्धा में द्वितीय तथा टीम इवेंट में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-14 वर्ग में जीविका और अंशिका ने रिदमिक योग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने योग शिक्षिका दुर्गा देवी के मार्गदर्शन में यह सफलता हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.के. खन्ना ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

### टाऊन पार्क के साथ वाली गली से नहीं हो रही बस्ती के गंदे पानी की निकासी



**महम।** शिव मंदिर से आगे टाऊन पार्क के पास से बस्ती के गंदे पानी की निकासी न होने से गली में गंदगी फैली हुई है। वार्ड 15 की पार्षद सुमन शर्मा ने इसकी शिकायत नगर पालिका अभियंता अशोक हुड्डा से की। शिकायत के बाद नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, एमई अशोक हुड्डा व जेई अनिल कुमार ने मौके का मुआयना किया। नगर पालिका सचिव ने इंजिनियरिंग विंग को नालियों का निर्माण करने और जरूरत वाली जगह पर पाइप दबाने के निर्देश दिए। पालिका अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को नालियों की मरम्मत करने को कहा। साथ ही कहा कि पाइप दबाकर पानी की निकासी की जाएगी और गली की सफाई करवाई जाएगी। वार्ड वासियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वार्ड 15 की पार्षद सुमन शर्मा के पति संजय शर्मा ने इसके लिए नगर पालिका अधिकारियों का आभार जताया।



### स्वच्छ गांव ही स्वस्थ समाज और बेहतर पर्यावरण की आधारशिला : एडीसी

**रोहतक।** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 में हरियाणा के प्रथम स्थान पर रहने तथा जिला रोहतक द्वारा भारत के नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान हासिल करने पर महम एवं रोहतक खंड के सरपंचों ने केक काटकर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को बधाई दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी सरपंचों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिला के सभी सरपंचों, ग्राम पंचायतों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा आमजन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार स्थानीय जिला विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में सरपंचों व ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे।



### एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को नालों की सफाई के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**महम।** उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने नगर पालिका सचिव को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में बरसात के मौसम को देखते हुए सभी प्रमुख एवं छोटे-बड़े नालों की सफाई कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने कहा कि नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जहां भी गाद, कचरा अथवा अन्य अवरोध हैं, उन्हें तत्काल हटाया जाए। उन्होंने सफाई कार्य की निरंतर निगरानी करने तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**रोहतक।** स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याएं सुनी गई तथा मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के निपटारे बारे दिशा-निर्देश दिये गए। सचिन गुप्ता के निर्देशानुसार उपमंडलाधीश आशीष कुमार तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी।उन्होंने इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की हर समस्या का समयबद्ध उचित निपटारा करें ताकि नागरिकों को राहत मिले और उनकी समस्याओं का निवारण हो।




### कॉलेजों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाएं

**महम।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मोखरा गांव स्थित साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या को निर्देश दिये कि वे महाविद्यालय में संघ लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करवाये ताकि विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति और रूचि पैदा हो। उन्होंने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपायुक्त ने साक्षी मलिक राजकीय कॉलेज में पहुंचकर महाविद्यालय में संचालित किये जा रहे विभिन्न कोर्सों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करें।

जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ के तहत गढ़ी बोहर पार्क में 2000 पौधों का रोपण

## सभी से अपनी माता के सम्मान में एक पौधा लगाने और नियमित देखभाल करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत वीरवार को नगर निगम द्वारा गढ़ी बोहर पार्क में 2000 पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पौधरोपण पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल व नगर निगम संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति एवं नगर निगम से कार्यकारी अभियंता योगराज छिकारा, सहायक अभियंता शांत सुहाग व कनिष्ठ अभियंता देवेन्द्र बेनिवाल व कमल आदि की उपस्थिति में किया गया। पार्षद मनीषा नांदल ने कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी नागरिकों से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।



### जिम्मेदारी निभाएंः ग्रोवर

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि “एक पेड़ मां के नाम” अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार एवं स्वच्छ शहर की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज को भावनात्मक रूप से प्रकृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। हर नागरिक को अपनी मां के सम्मान में कम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभानी चाहिए।

### नियमित निगरानीः दुहन

निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने कहा कि “एक पेड़ मां के नाम अभियान में केवल पौधरोपण ही नहीं, बल्कि पौधों के संरक्षण एवं नियमित रखरखाव पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। पौधरोपण स्थलों का पूर्व चयन किया गया है ताकि लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर अधिक रहे। साथ ही पौधरोपण स्थलों का जियो-टैगिंग, फोटोग्राफी एवं नियमित निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अभियान से जुड़ें।

## बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में 200 पौधों का वितरण

भारत सरकार की एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 200 पौधों का वितरण किया गया तथा सभी ने अपनी माँ के सम्मान में एक-एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान वृक्षारोपण ही है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि महाविद्यालय सामाजिक सरोकारों एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अभियानों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। समाजसेवी जितेंद्र अत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का जनआंदोलन है। कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पौधारोपण के साथ-साथ संरक्षण की भी जिम्मेदारी निभाएं।



रोहतक। गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में अभियान के अंतर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा, मुख्य समाजसेवी जितेंद्र अत्री, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी।

### स्तन कैंसर जांच के प्रति किया जागरूक




रोहतक। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्तन कैंसर की समय पर पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी) में तीन दिवसीय निःशुल्क डिजिटल मैमोग्राफी एवं स्तन कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का आयोजन एलपीएस बॉसर्ड, रोहतक एवं डॉ. अनीता नरूला चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुदेश ने की, जबकि एलपीएस बॉसर्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन मुख्य अतिथि रहे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं की निःशुल्क डिजिटल मैमोग्राफी जांच की तथा स्तन कैंसर के लक्षण, प्रारंभिक पहचान और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में स्टोरीटेलिंग सत्र



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में प्री-नर्सरी से सीनियर केजी तक के विद्यार्थियों के लिए रोचक एवं ज्ञानवर्धक स्टोरीटेलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान “फूल कुमारी” कहानी का सजीव मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसने नन्हे विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन करने के साथ उन्हें दया, सहयोग, आत्मविश्वास और सदाचार जैसे नैतिक मूल्यों का संदेश भी दिया। कहानी के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और पात्रों से जुड़कर आनंददायक तरीके से सीखने का अनुभव प्राप्त किया। शिक्षिकाओं चाहत, एकता, सुजिता, नीरज, हरलीन, रितिका भाटिया, ऋतु वाधवा और वीना सहगल ने प्रभावशाली अभिनय से कहानी को जीवंत बना दिया। प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों से बच्चों में भाषा कौशल, रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास का विकास करना है।

### वैश्य महाविद्यालय में किया पौधरोपण



रोहतक। हरियाणा सरकार एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के अंतर्गत वैश्य महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस एवं यूथ रेडक्रॉस इकाइयों ने संयुक्त रूप से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पौधरोपण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। सभी विद्यार्थियों को केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं नेतृत्व लेफ्टिनेंट डॉ. उन्मेष मिश्र ने किया।

### पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण जरूरी



सांपला। सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को इको क्लब, एनएसएस तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा ने त्रिवेणी लगा कर अभियान की शुरुआत की उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण तथा हरित भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने भी पौधे लगाए।

### सांगवान स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने योगा एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सीबीएसई की नॉर्थ जोन जिला स्तरीय एसजीएफआई योगा प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अवनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वहीं, ‘हरिभूमि’ समाचार पत्र द्वारा आयोजित अंतर-स्तरीय स्कूल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रांशु ने प्रथम, नकुल ने द्वितीय तथा अर्पित ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

रोहतक। स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय द्वारा विश्राम सदन में जुलाई माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान वजीर सिंह ने की। समारोह में संस्थान से सेवानिवृत्त होने वाले वरिष्ठ कर्मचारियों को शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन जयभगवान शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिन कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई, उनमें सतीश कुमार (जेरॉक्सिस्ट, पुस्तकालय), रामफल (ओ.टी. तकनीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग), हरीश कुमार (वरिष्ठ तकनीशियन, जैव रसायन विभाग), सूरजमल (वरिष्ठ तकनीशियन, पैथोलॉजी विभाग), राम निवास सैन (रिसेप्शनिस्ट, मुख्य ओपीडी) तथा भागवती देवी (बेयरर, फिजियोथेरेपी विभाग) शामिल रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपप्रधान संजय सिंहमार, महासचिव धर्मेंद्र गोठवाल, सचिव अनीश अरोड़ा एवं प्रवीण सैनी, प्रेस सचिव बिजेंद्र शर्मा, सलाहकार जयभगवान शर्मा एवं विरेंद्र पावड़िया, धर्मेंद्र एल.टी, ऑडिटर सोमवीर मलिक, राजबीर माली, ऋषिप्रकाश सहित गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अनेक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संस्थान के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए उनके जीवन के नए अध्याय के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

## जेनेटिक काउंसलिंग डिप्लोमा की रिक्त सीटों पर 10 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ चयनित को ऑनलाइन फीस 13 अगस्त तक जमा करनी होगी

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के जेनेटिक्स विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक काउंसलिंग पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए नए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अभ्यर्थी 10 अगस्त तक विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इसी अवधि में पीजी योग्यता परीक्षा का परिणाम भी जमा कराना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 12 अगस्त को ओपन काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। प्रवेश शैक्षणिक मेरिट, विश्वविद्यालय के नियमों तथा आरक्षण नीति के अनुसार दिए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 13 अगस्त तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही इस पाठ्यक्रम में आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन काउंसलिंग में पहले अवसर दिया जाएगा। इसके बाद शेष रिक्त सीटों पर नए आवेदकों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा।

### हरिओम सेवा दल ने लगाया रक्तदान शिविर



रोहतक। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल के सेवानिवृत्ति दिवस के अवसर पर हरिओम सेवा दल द्वारा पीजीआईएमएस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर एलपीएस बॉसर्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। डॉ. एस.के. सिंघल के स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान की सराहना करते उनके स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की।

### विकल्प स्कूल की बास्केटबॉल टीम चैंपियन




रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल, रोहतक की अंडर-14 एवं अंडर-17 बालिका बास्केटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोहतक ब्लॉक और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं ने सबसे पहले विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का खिताब जीता। इसके बाद 28 जुलाई 2026 को आयोजित जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी विजेता बनकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। टीम अब राज्य स्तर पर रोहतक ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना के साथ कोच प्रशांत के प्रभावी प्रशिक्षण को दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती किरण पाहवा एवं कोऑर्डिनेटर मंजु ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और कोच को बधाई दी।

### स्व.जोगीराम की 27वीं पुण्यतिथि पर सैनी कॉलेज में फ्री मेडिकल कैंप कल

रोहतक। समाजसेवी स्वर्गीय जोगीराम सैनी की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक अगस्त शनिवार को सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज, रोहतक में निशुल्क मेडिकल कैंप एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

कैंप में मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली के चिकित्सक विशेषज्ञों एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, एचबी, बीएमडी मैमोग्राफी, कोलेस्ट्रॉल, ईएनटी, दांतों व आंखों सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर होंगे। मेयर राम अवतार बाल्मीकि भी कैंप में शिरकत करेंगे। आयोजक डॉ राजेश सैनी ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



### राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में किया पोधरोपण

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पोधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा द्वारा पौधारोपण करके किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने वाली प्रेरणादायक पहल बताते हुए सभी विद्यार्थियों से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. सुमन रानी, हर्ष, डॉ. सिंकी शर्मा एवं रेनू ने स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली तथा जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

### एमडीयू में बीपीएचएस कोर्स में दाखिले के लिए 3 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंस द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत संचालित चार वर्षीय बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंस के निदेशक प्रो मुनीष गर्ग ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी चार वर्षीय बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए 3 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता के आधार पर ओपन फिजिकल काउंसलिंग 6 अगस्त को आयोजित होगी, चयनित अभ्यर्थियों को 7 अगस्त तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। प्रो मुनीष गर्ग ने बताया कि पहले प्रवेश परीक्षा मेरिट के आधार पर दाखिले दिए जाएंगे। इसके बाद पूर्व में आवेदन करने वाले शैक्षणिक मेरिट अभ्यर्थियों तथा अंत में 3 अगस्त तक आवेदन करने वाले नए अभ्यर्थियों को शैक्षणिक मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### बर्थडे सेलिब्रेशन, केक काटकर बांटी खुशियां




रोहतक। गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बालवाटिका-1, बालवाटिका-2 और बालवाटिका-3 के विद्यार्थियों के लिए जून और जुलाई माह के जन्मदिन वाले बच्चों का बर्थडे सेलिब्रेशन उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर गर्वित, यशिका, गरिमा, जतिन, कनिष्क, समायरा, योग्य और लोयम ने अध्यापिकाओं एवं अपने साथियों के साथ केक काटकर जन्मदिन का आनंद लिया। रंग-बिरंगी बर्थडे कैप पहने बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ समारोह का भरपूर आनंद उठाया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी। विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## स्पोर्ट्स विवि में लगेगा यूथ स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप खेल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ रोहतक से 80 एथलीट चैंपियनशिप में भाग लेंगे

एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने बताया कि यूथ ओलम्पिक के नियम अनुसार केवल 1 जनवरी 2009 से 31 दिसंबर 2010 तक आयु वर्ग वाले एथलीट खिलाडी ही हरियाणा स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग ले सकते हैं। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने बताया कि 14वीं हरियाणा स्टेट यूथ अंडर -18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दो दिवसीय आयोजन 8 अगस्त से 9 अगस्त तक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सोनीपत में जिला एथलेटिक्स संघ सोनीपत और एथलेटिक्स हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा और चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के तय मानकों के अनुसार 21वीं यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप लुधियाना पंजाब में 1 सितंबर से 3 सितंबर तक भाग लेंगी। हरियाणा राज्य के एथलीट खिलाड़ियों का अंतिम चयन स्टेट चैंपियनशिप के दौरान उनके खेल प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने बताया कि 14वीं हरियाणा स्टेट यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्प्रोर्टस यूनिवर्सिटी सोनीपत में 100 मीटर दौड़,200 मीटर दौड़,400 मीटर दौड़,1000 मीटर दौड़,100 मीटर हर्डल रेस लडकी,110 मीटर हर्डल रेस लडका, 3000 मीटर रेस वाक इंवेंट लडकी और 5000 मीटर रेस वाक इंवेंट लडका,हाई जंप, लांग जंप,शाट पुट, डिस्कस और जेवलिन थ्रो इवेंट एवं हैप्टाथलान इवेंट का आयोजन किया जाएगा। रोहतक जिले से लगभग 80 एथलीट खिलाडी हरियाणा यूथ स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## मदवि के एनएसएस स्वयंसेवक राघव बंसल को मिला ‘हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड-2026’

100 से अधिक पौधे लगाए, 7 बार किया रक्तदान, एनएसएस गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान पर किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के नियमित स्वयंसेवक राघव बंसल को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ‘हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड-2026’ से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 28 जुलाई को सहारनपुर स्थित मां शाकंभरी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। राघव की इस उपलब्धि से एमडीयू और




एनएसएस परिवार में खुशी का माहौल है। राघव वर्ष 2023 से एनएसएस के नियमित स्वयंसेवक के रूप में सामाजिक एवं जन जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इससे पहले उन्हें सत्र 2024-25 के लिए जिला एवं विश्वविद्यालय स्तर पर ‘सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक’ का सम्मान भी मिल चुका है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत वे 100 से अधिक पौधे लगा चुके हैं। इसके अलावा वे सात बार स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता का संदेश भी दे चुके हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद राघव बंसल ने अपनी सफलता का श्रेय एमडीयू की एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग ने उन्हें समाज सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल स्वयंसेवकों को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना नहीं, बल्कि उनमें सेवा, नेतृत्व और संवेदनशीलता जैसे मानवीय मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि राघव बंसल की उपलब्धि सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सम्मान एमडीयू की एनएसएस इकाई द्वारा किए जा रहे समाजोपयोगी कार्यों की पहचान भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी भी समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल बहु अकबरपुर में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक एवं शैक्षणिक निदेशक की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाकर जिम्मेदारी पूरी नहीं करेंगे, बल्कि प्रतिदिन उन्हें पानी देंगे, नियमित देखभाल करेंगे और उनके पूर्ण विकसित वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण करेंगे। विद्यार्थियों की पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और समर्पण की भावना की विद्यालय प्रबंधन ने सराहना की। निदेशक एवं शैक्षणिक निदेशक ने कहा कि यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधे की जिम्मेदारी उठाए, तो आने वाले समय में पर्यावरण को सुरक्षित और हरित बनाने का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। सभी विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने व देखभाल करने का आह्वान किया।



## खबर संक्षेप

### हाईवे किनारे कार्यालय से लाखों का सामान चोरी

**रोहतक।** जिले के सांपला थाना क्षेत्र में चोरों ने हाईवे किनारे बने एक कार्यालय को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वारदात का पता अगले दिन कार्यालय पहुंचने पर चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फूल कुमार ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर फैक्ट्री स्थापित करने के लिए जमीन ले रखी है। जमीन पर कंटेनर में अस्थायी कार्यालय बनाया गया है।

### चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने गांव इस्माईला-11बी में नवीन के घर में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी जाहिद पुत्र पप्पू निवासी गांव पिपलिया (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 48 बोतल देसी शराब सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कलानौर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को 48 बोतल देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शत्रुघ्न पुत्र दर्शन, निवासी सलीमपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) के रूप में हुई है।

### पार्क में घूमने आए व्यक्ति की स्कूटी चोरी

**रोहतक।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पार्क में घूमने आए एक व्यक्ति की स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दुर्गा कॉलोनी निवासी प्रमोद ने बताया कि वह अपनी स्कूटी पर सवार होकर पार्क में घूमने के लिए आया था। उसने स्कूटी पार्क के बाहर खड़ी कर दी और कुछ समय बाद जब वापस लौटा तो वहां से स्कूटी गायब मिली। उसने सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत दी।

## सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय स्पर्धा में खो-खो, जूडो व पेंटाथलॉन के मुकाबले

# अंडर-14 बालक वर्ग में रोहतक प्रथम और महम द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रोहतक, महम, कलानौर, लाखनमाजरा एवं सांपला खंड की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता प्रभारी कृष्ण कुमार (डीपी), जीजीएचएस सुंडाना तथा सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार सैनी ने बताया कि सभी मुकाबले खेल भावना एवं अनुशासन के साथ संपन्न हुए। प्रतियोगिता के संयोजक राजेश नांदल, प्राचार्य, पीएमएस जीएसएसएस महम ने परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि अंडर-14 बालक वर्ग में रोहतक खंड प्रथम तथा महम खंड द्वितीय स्थान पर रहा।

अंडर-17 वर्ग में रोहतक खंड विजेता रहा, जबकि महम खंड ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में रोहतक खंड ने प्रथम तथा महम खंड ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन भी सफलतापूर्वक किया गया।

मॉडर्न पेंटाथलॉन में महम ब्लॉक प्रथम और कलानौर ब्लॉक द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा व आदर्श मदीना की छात्राओं का चयन राज्यस्तरीय मेमोरियल पेंटाथलॉन स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में सुशीला (पीजीटी), राखी (डीपी), संतोष (डीपी), सविता (पीटीआई), सुनील (पीटीआई), सुमन (डीपी), कोच वीरपाल हुड्डा, कोच रोहित तथा मोहित (डीपी) ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन अवसर पर सैनी शिक्षण संस्थान के प्रधान अवनीश सैनी, कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान धर्म सिंह दहिया, प्राचार्य रामकुमार सैनी, साई खो-खो एवं कबड्डी कोच सतपाल, नवीन कुमार (सेक्रेटरी खो-खो, झज्जर) तथा जसवंत हुड्डा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी।


जूडो स्कूल जिला अंडर 19 गर्ल्स की टीम

### ये रहे प्रतियोगिता के विजेता

जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अशोक नांदल ने जूडो प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि अंडर-14 जूडो बालिका वर्ग में 23 किलो में राजकीय कन्या विद्यालय इस्माइला की हर्षिता, 27 किलो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामड़ की साक्षी, 32 किलो में संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल की रिया व 36 किलो में संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल की समीक्षा ने बाजी मारी। 40 किलो में शिक्षा भारती स्कूल की अवनी, 44 किलो में जीडी रॉयल की द्विवांशी व 44+ किलो में एमडीयू कैंपस की कनिका का चयन हुआ। अंडर-17 जूडो बालिका वर्ग में 36 किलो में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की तनिषु व 40 किलो में संजना विजयी बनीं। 44 किलो में दुहन पब्लिक स्कूल जसिया की सोनाक्षी, 48 किलो में शिक्षा भारती पब्लिक स्कूल की अंशिका व 52 किलो में शिक्षा भारती पब्लिक स्कूल की वंशिका ने जीत दर्ज की। 57 किलो में दुहन पब्लिक स्कूल जसिया की रिया, 63 किलो में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा की निखिता मलिक व 70 किलो में रुच, 70 से अधिक किलो में इंडस पब्लिक स्कूल की झंकार का चयन किया गया। अंडर-19 जूडो बालिका वर्ग में 36 किलो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामड़ की साक्षी देवी, 40 किलो में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माइला की काजल व 44 किलो में स्कॉलर्स रोजरी की त्रैवी ने जीत हासिल की। 48 किलो में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सांपला की यशी, 52 किलो में राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय मकड़ौली कलां की महक, 57 किलो में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सांपला की दीक्षु, 63 किलो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दतौड़ की कनिका व 70+ किलो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा की प्रिया विजेता बनीं।

## सीएम तक भेजी शिकायत, कई शौचालयों में न बिजली और न ही पानी

# दिन में भी फर्नीचर मार्केट व गोहाना अड्डे के शौचालयों पर लटके ताले

किसलिए खर्च किए लाखों रुपये

- लाखों खर्च, लेकिन देखरेख करने वाला नहीं कोई
- हजारों राहगीर, स्कूली विद्यार्थी और दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अलग खबर

शहर को स्वच्छ और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय अब अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि दिन के समय भी फर्नीचर मार्केट और गोहाना अड्डा स्थित सार्वजनिक शौचालयों पर ताले लटके रहते हैं। इससे हर रोज हजारों राहगीरों, स्कूली विद्यार्थियों, दुकानदारों और आसपास आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री तक भेजते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और शौचालयों को नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की है। शहर में आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लाखों रुपये की लागत से सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया था। इनका उद्देश्य बाजारों, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले इलाकों में आने वाले लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा उपलब्ध कराना था, लेकिन निगम की लापरवाही के चलते अधिकांश शौचालय या तो बंद पड़े हैं या फिर उनकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग उनका उपयोग करने से भी कतराते हैं।

फर्नीचर मार्केट और गोहाना अड्डा जैसे व्यस्त इलाकों में दिन के समय भी शौचालयों पर ताले लगे रहते हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी, कामकाज और यात्रा के सिलसिले में पहुंचते हैं। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों को सुविधा नहीं मिलने से उन्हें काफी दिक्कत होती है। वहीं स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों तथा महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है।

रुपया चौक


फर्नीचर मार्केट



गोहाना अड्डा


### रुपया चौक के शौचालय में बुनियादी सुविधाएं नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई सार्वजनिक शौचालयों में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कहीं बिजली का कनेक्शन बंद पड़ा है तो कहीं पानी की आपूर्ति नहीं होने से शौचालय उपयोग के लायक ही नहीं बचे। नियमित सफाई और रखरखाव का भी अभाव है, जिससे कई स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा रहता है और दुर्गंध के कारण आसपास का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। ऐसा ही एक उदाहरण रुपया चौक का शौचालय है, जहां न पानी है और न ही बिजली है।

### शहर के सार्वजनिक शौचालयों का करवाया जाए सर्वे

मामले को गंभीर बताते हुए सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर मांग की है कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों का सर्वे करवाया जाए, जहां बिजली और पानी की कमी है वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा बंद पड़े शौचालयों को नियमित रूप से खोला जाए। साथ ही उनकी देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई यह सार्वजनिक सुविधा वास्तव में आमजन के काम आ सके।

### अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

*शहर में नगर निगम द्वारा बनाए गए शौचालयों पर ताले लगे हुए हैं जिन कर्मचारियों की ड्यूटी है उसका मोबाइल नंबर और नाम भी लिखा हुआ है फिर भी शौचालय बंद हैं। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी की गई है, लेकिन अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे। जिन शौचालय में छोटी-छोटी कमियां हैं उनको भी दूर नहीं किया जा रहा। किसी में पानी नहीं है तो किसी में सफाई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय व्यापारी और आमजन बहुत परेशान हो चुके हैं।*

*-जसबीर कुमार, शिकायतकर्ता*

## संपत्तिकर पर 10% छूट का अंतिम मौका

# आज अवकाश के दिन भी खुलेगा निगम कार्यालय

**रोहतक।** नगर निगम रोहतक ने करदाताओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 31 जुलाई 2026 को अवकाश होने के बावजूद निगम कार्यालय को अन्य कार्यदिवसों की तरह संपत्तिकर जमा करने के लिए खुला रखने का फैसला किया है। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि वर्तमान वित्तवर्ष 2026-27 के संपत्तिकर पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ लेने का 31 जुलाई अंतिम दिन है। इसी को ध्यान में रखते हुए कार्यालय में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और काउंटरों पर सुचारु व्यवस्था के साथ कम समय में कर जमा कराया जा सके। आयुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की विशेष योजना के तहत वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्तिकर बकाया पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी की सुविधा 31 अगस्त 2026 तक उपलब्ध रहेगी।

- 31 अगस्त तक बकाया कर पर 75 प्रतिशत ब्याज माफी योजना का भी मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ वही संपत्तिधारक उठा सकेंगे जो पोर्टल पर अपनी संपत्ति का सेल्फ सर्टिफिकेशन कर वर्ष 2026-27 तक का पूरा बकाया कर जमा करेंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 10 प्रतिशत छूट के अंतिम अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर संपत्तिकर जमा करें। करदाता नगर निगम कार्यालय के अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी सुरक्षित और सरल तरीके से कर भुगतान कर सकते हैं।

## एमडीयू के दो छात्रों को 4.6 लाख वार्षिक पैकेज



**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा ब्रेनलर्न के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में बिजनेस ग्रोथ एग्जीक्यूटिव पद पर इमसार के छात्र अनुज खरब और सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (सीपास) के छात्र कार्तिक वर्मा का 4.6 लाख वार्षिक पैकेज पर चयन हुआ। ब्रेनलर्न के संस्थापक अमित और एचआर मैनेजर ऋतु ने साक्षात्कार लिए। इमसार के निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत और करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वयन सीसीपीसी के उपनिदेशक डॉ. सौरभ कांत ने किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एमडीयू में एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 3 अगस्त से

- इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. अमिताभ सिंह होंगे मुख्य अतिथि, कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) की ओर से कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग तथा डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 8 अगस्त तक- उच्च शिक्षा में एआई आधारित शिक्षण, अधिगम, मूल्यांकन एवं शैक्षणिक शोध विषय पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्लेंडेड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में आयोजित होगा। एमएमटीटीसी निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. अमिताभ सिंह बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे, जबकि एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

यह कार्यक्रम 3 अगस्त को सुबह 9 बजे एफडीसी भवन की दूसरी मंजिल स्थित सेमिनार हॉल में प्रारम्भ होगा। उद्घाटन सत्र के बाद मुख्य अतिथि प्रो. अमिताभ सिंह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उच्च शिक्षा में बढ़ते उपयोग और उसके भविष्य पर मुख्य व्याख्यान देंगे। इसके उपरांत कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया की अध्यक्षता में विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा आयोजित होगी, जिसमें एआई आधारित शिक्षण, मूल्यांकन, शोध और उच्च शिक्षा में उभरती चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

एमएमटीटीसी निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवीन तकनीकों से परिचित कराना तथा उन्हें शिक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक शोध में प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षक और शोधार्थी भाग लेंगे।

# पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में गुरुवार को संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रोफेसर एवं निदेशक डॉ. एसके सिंघल के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि पीजीआईएमएस की तरक्की में सेवानिवृत्त हुए सभी साथियों का अहम योगदान रहा है।

डॉ. एसके सिंघल ने निदेशक के रूप में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाई है। संस्थान परिवार के सदस्य होने के नाते आज हम भावुक हैं, लेकिन हमें गर्व है कि आपने अपना कार्यकाल सम्मान के साथ पूरा किया। डॉ. सिंघल बहुत ही अच्छे प्रशासक रहे हैं।

सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि पीजीआईएमएस मेरा घर रहा है। यहां बिताए 30 से ज्यादा साल मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। मरीजों की सेवा और टीम के साथ काम करने का अनुभव हमेशा याद रहेगा।

मैं संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एम वशिष्ठ ने कहा कि कोविड काल में नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. सिंघल का नेतृत्व सराहनीय रहा। उन्होंने अनुशासन, पारदर्शिता और मरीज सेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा।

डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि डॉ. सिंघल के मार्गदर्शन में एनेस्थीसिया सेवाओं को नई दिशा मिली। डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि डॉ. सिंघल न केवल एक कुशल चिकित्सक बल्कि सभी के मार्गदर्शक रहे हैं। अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने-अपने विभाग में पूरी लगन से काम किया है। आप सभी के स्वस्थ और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवानिवृत्त साथियों को उनका चेक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में फैकल्टी सदस्य और कर्मचारी मौजूद रहे।

## सर्जरी के बाद मरीजों की बेहतर रिकवरी में मिलेगी मदद

# रोटरी नेक्स्ट ने ऑन्को सर्जरी विभाग को दिए 5 एसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गर्मी के मौसम में कैंसर मरीजों को राहत देने के लिए रोटरी क्लब रोहतक नेक्स्ट ने पीजीआईएमएस के ऑन्को सर्जरी विभाग को 5 विंडो एसी दान किए हैं। क्लब का कहना है कि इससे सर्जरी के बाद मरीजों की बेहतर हीलिंग होगी और संक्रमण का खतरा भी कम होगा।

रोटरी क्लब रोहतक नेक्स्ट के अध्यक्ष अतुल बंसल और सचिव कनिष्क बंसल ने 29 जुलाई को पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल को पत्र सौंपकर 2 टन के 2 और 1.5 टन के 3 एसी दान करने की पेशकश की।

ऑन्को सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव प्रसाद ने बताया कि उनका विभाग हरियाणा के साथ-साथ दूसरे राज्यों से आने वाले कैंसर मरीजों का भी इलाज करता है। यहां हर महीने लगभग 750 मरीज ओपीडी में आते हैं। वार्ड नंबर 8 में 20 बेड का वार्ड, हाई डिपेंडेंसी एरिया, एक पोस्ट ऑपरेटिव एरिया और दो जनरल रूम हैं जहां हर महीने करीब 250 मरीजों का इलाज होता है। हर महीने लगभग 20 बड़े और 50 छोटे ऑपरेशन किए जाते हैं। यहां ब्रेस्ट कैंसर, ओरल कैंसर, लंग कैंसर, एसोफेगस, ओवेरियन और सर्वाइकल कैंसर के मरीजों की सर्जरी सबसे ज्यादा होती है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि रोटरी नेक्स्ट जैसी स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से हम मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकते हैं।

डीन डॉ अशोक चौहान ने बताया कि पीजीआईएमएस में सामाजिक कार्यों के लिए आने वाले सभी दान दाताओं का वे तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। पीजीआईएमएस के जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. मंजूनाथ ने रोटरी नेक्स्ट क्लब के अध्यक्ष अतुल बंसल और सचिव कनिष्क बंसल को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और पूरे क्लब का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ ऊषा नरूला फाउंडेशन के सचिव डॉ अरुण नरूला भी उपस्थित रहे।



# कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने जारी किया बीएड-एमएड प्रवेश प्रॉस्पेक्ट्स

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीएड, एमएड, बीएड (स्पेशल एजुकेशन) और एमएड (स्पेशल एजुकेशन) पाठ्यक्रमों का प्रवेश प्रॉस्पेक्टस जारी किया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि विश्वविद्यालय पारदर्शी, मेरिट आधारित और समयबद्ध प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय से संबद्ध सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा स्ववित्तपोषित शिक्षण महाविद्यालयों में इन नियमित पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 अगस्त तक किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी 3 सितंबर तक कॉलेजों की चॉइस फिलिंग एवं लॉकिंग कर सकेंगे। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल, डीन सीडीसी प्रो. राजेश पुनिया, डीन शिक्षा संकाय प्रो. जितेंद्र कुमार, डायरेक्टर यूसीसी प्रो. युद्धवीर, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा, निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी, सहायक कुलसचिव रमेश कुमार, अधीक्षक खैराती लाल, मनीष कौशिक, कमला, विकास नागिल और सीता राम उपस्थित रहे।

- 27 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन आवेदन